पटना, शनिवार 04 जनवरी 2025
सन्मार्ग
Live News & Epaper
http://www.live7tv.com

## ‘हम सबों को हमेशा याद आयेंगे पं कन्हैया लाल मेहरवार की सुमधुर गीत’

**गया/सं।**हिमाचल राजगुरु, मगही कोकिल, गया पाल तीर्थ पुरोहित, विशाल हृदय सम्राट, महारानी अहिल्याबाई होलकर विचार मंच के उपाध्यक्ष,परम श्रद्धेय दिवंगत पं कन्हैया लाल मेहरवार जी के श्राद्ध कर्म के अवसर पर विष्णुपद स्थित मेहवार भवन में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। श्राद्ध कर्म पूरे विधि विधान और रीति रिवाज के अनुसार वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुई। श्राद्ध कर्म में समाजसेवी, शिक्षाविद,कवि, साहित्यकार,पंडा समाज,तीर्थ पुरोहित, पत्रकार एवं अन्य लोगों ने कन्हैया लाल मेहरवार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी एवं दिवंगत आत्मा की चिर शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।साथ ही उनके द्वारा मगही के क्षेत्र में किए गए कार्यों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि कन्हैया लाल मेहवार के सुमधुर गीत हम सबों को हमेशा याद आएगी। मौके पर गया जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के महामंत्री सुमंत जी, उदय सिंह अरविंद कुमार, अहिल्याबाई होल्कर विचार मंच के अध्यक्ष डॉ सच्चिदानंद प्रेमी, सचिव काशीनाथ प्रसाद सिंह, डॉ रामकृष्ण मिश्रा, डॉ सुदर्शन शर्मा, मणिलाल बारिक, डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी, हिमांशु शेखर, पंकज मिश्रा, मुकेश मिश्रा, अरविंद कुमार आजास, ऋषिकेश गुर्दा, जॉनी यादव,विनोद लाल मेहरवार, माधव लाल मेहरवार, मेघा मेहरवार, सुमित मेहरवार,सुरेंद्र पांडेय सौरभ, धर्मेंद्र कुमार सिंह उर्फ टिब्लू,अश्वनी कुमार समेत सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

## नगर पंचायत इमामगंज के द्वारा किया गया कंबल वितरण

**इमामगंज।गया/सं।**कड़ाके की ठंड और तेज हवा की रफ्तार से लोगों का जन जीवन प्रभावित कर दिया है. सुबह में कनकनी और कुहासा से खाश कर बच्चों और वृद्ध को ज्यादा तकलीफ उठाना पड़ रहा है. इसी को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत इमामगंज के द्वारा कंबल वितरण किया गया. इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी आशुतोष रंजन पांडेय ने बताया कि नगर पंचायत के लगभग 15 सौ गरीब, लाचार, वृद्ध को कंबल वितरण किया गया है. उन्होंने बताया कि दर्जनों स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कराई जा रही है. ताकि लोग ठंड से बच सकें. इस मौके पर मुख्य पार्षद सोनम कुमारी, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि भवानी सिंह, धीरज पासवान, समाजसेवी संतोष सौंडिक, वार्ड पार्षद सुरेश गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे।

## अपार कार्ड बनाने के लिए बैठक का आयोजन

**डुमरिया।गया/सं।**प्रखंड संसाधन केन्द्र डुमरिया में 131 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के बीच अपार कार्ड बनाने को लेकर बैठक में सबसे कम अपार कार्ड बनाने पर चिंता प्रकट किया गया।अधिक से अधिक अपार कार्ड बनाने को लिए प्रधानाध्यापक को दिशा निर्देश दिया गया।लेखपाल दीपक कुमार,तन्वीर आलम,श्रिधर पाठक,मंजू कुमारी इत्यादि ने अपार कार्ड समय सीमा से बनाने के लिए बैठक में बल दिया।प्रखंड के अधिकाश विद्यालयों का कार्य संतोष जनक नही रहने के कारण समस्या बढ़ गई है।बैठक में संतन प्रजापति, नरेंद्र त्रिपाठी,प्रभात रंजन पाण्डेय,अनुप कुमार विश्वकर्मा,संजय कुमार सिंह इत्यादि उपस्थित हुए।

## स्कूटी सहित 42 लीटर देसी महुआ शराब किया बरामद

**कोंच।गया/सं।**थाने की पुलिस ने कौड़िया गांव के समीप डाक स्थान के पास गोह गया मुख मार्ग से एक स्कूटी गाड़ी सहित 42 लीटर देसी महुआ शराब बरामद किया है ।वहीं स्थानीय थाना अध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि एएसआई रमेश कुमार पुलिस बलों के साथ गस्ती कर रहे थे।

# डीएम ने पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

### पदाधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश

**औरंगाबाद/सं।** जिला पदाधिकारी के अध्यक्षता में तकनीकी विभागों एवं समीक्षात्मक बैठक आहूत की गई।समीक्षा के क्रम में खनिज विकास पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि विभिन्न कार्यकारी एजेंसी के माध्यम से कराए जाने वाले योजनाओं में रॉयलिटी एवं एस० एफ० की कटौती की राशि को नियमित रूप से जमा कराने की आवश्यकता है। जिला पदाधिकारी द्वारा उक्त के आलोक में सभी अभियंताओं को स समय फ्ङ्घ८ ’३८ ल्ल्ला र.ऋ कटौती की राशि को जमा कराने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यपालक अभियंता, एल० ए० ई० ओ० द्वारा विशेष केन्दीय सहायता एवं आकांक्षी जिला कार्यक्रम अन्तर्गत कराए जाने वाले योजनाओं को एक माह में पूर्ण कराने हेतु बताया गया। इसके साथ ही विशेष केन्द्रीय सहायता योजना एवं डिस्ट्रिक्ट ऑफ कंसर्न योजनान्तर्गत शिक्षा विभाग एवं कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, औरंगाबाद के माध्यम से कराए जाने वाले योजनाओं को माह मार्च 2025 तक निश्चित रूप से पूर्ण कराने हेतु निर्देश दिया गया।कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल, आपूर्ति एवं संचरण, औरंगाबाद एवं दाउदनगर द्वारा कार्यान्वित योजनाओं के कार्यो में तीव्रता लाते हुए यथाशीघ्र कार्य पूर्ण कराने हेतु निदेश दिया। इसके साथ ही पी० एम० सूर्य घर, मुफ्त बिजली योजना के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु बेहतर प्रयास करने का निदेश दिया गया।कार्यपालक अभियंता, पी० एच० ई० डी० औरंगाबाद को जिले के सभी वार्डो में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया। जिला अन्तर्गत निर्वाध यातायात सुनिश्चित करने हेतु सभी सड़?को की नियमानुसार मरम्मती कराने हेतु कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, औरंगाबाद, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, औरंगाबाद एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद एवं दाउदनगर को निदेश दिया गया। इटरक्लछ द्वारा कार्यान्वित 100 आसन वाले मॉडल अस्पताल का निर्माण कार्य में अवशेष कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कराने हेतु निदेश दिया गया। इस बैठक में जिला पंचायत राज पदाधिकारी/खनिज विकास पदाधिकारी/जिला योजना पदाधिकारी/कार्यपालक अभियंता, समग्र शिक्षा अभियान / जिला कल्याण पदाधिकारी / कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल/कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद/ सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, दाउदनगर / कार्यपालक अभियंता, पी०एच०ई०डी० / कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल / सहायक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल/ कार्यपालक अभियंता, विद्युत आपूर्ति प्रमंडल./ कार्यपालक अभियंता, पी०एच० ई०डी० / कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई / सहायक अभियंता, नगर विकास प्रमंडल. / कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमंडल आपूर्ति, दाउदनगर / कार्यपालक अभियंता, अभियंता, बटाने शीर्ष, अम्बा / प्राचार्य, आई० टी० आई०/ मौजूद थे।

## कार्यों में हो रहे विलंब को लेकर पदाधिकारियों को लगायी फटकार

**औरंगाबाद/सं।** जिला पदाधिकारी द्वारा समाहरणालय सभा कक्ष में राजस्व संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई।बैठक में सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा भारत माला परियोजना (वाराणसी-कोलकाता एक्सप्रेसवे) पैकेज -6 अंतर्गत नबीनगर, देव एवं कुटुंबा अंचल में रैयतों को अर्जना धीन भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने हेतु सभी बिंदुओं को पीपीटी के माध्यम से अवलोकन किया गया एवं संबंधित पदाधिकारी को मुआवजा भुगतान हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त ऊ ऋ उउक्छ संरेखण में अवस्थित विभिन्न मौजों में समपार फाटक के बदले रोड अंडर ब्रिज के निर्माण एवं सोन नगर बाईपास रेलवे लाइन का निर्माण परियोजना से संबंधित रैयतों को अर्जनाधीन भूमि के मुआवजा भुगतान में तेजी लाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा राजस्व मामलों में विभिन्न परियोजना से संबंधित, दाखिल खारिज, आधार सीडिंग, एवं अभियान बसेरा फेस-2,सीएम डैशबोर्ड, इ-मापी, भू-लगान अतिक्रमण का विशेष रूप से समीक्षा किया गया। संबंधित अंचल अधिकारियों को विभागीय निर्देश के आलोक में जमाबंदी के आधार सीडिंग में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। दाखिल खारिज के मामले में जिले में 75 दिन से अधिक कुल-1382 लंबित मामलों में संबंधित अंचल अधिकारी को फटकार लगाई गई एवं एक सप्ताह के अंदर सभी लंबित मामलों का निष्पादन करने का आदेश दिया गया। सबसे अधिक 75 दिन से अधिक लंबित मामला औरंगाबाद सदर आंचल में 875 एवं सर्वाधिक कम 0 लंबित मामला हसपुरा अंचल में पाया गया । इसकी अतिरिक्त जिले में विगत 24 दिनों में कुल- 489 दाखिल खारिज के मामले निष्पादन किया गया।अभियान बसेरा फेस-2 जिले में कुल अब तक 1957 सर्वे के विरुद्ध 928 लोगों को जमीन उपलब्ध कराया गया है। सीएम डैशबोर्ड के अंतर्गत जिले में कुल-919 मामले में 876 का निष्पादित हो चुका है। शेष 43 लंबित मामले को जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित डीसीएलआर एवं अंचल अधिकारी को यथाशीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिए।अतिक्रमण के मामले में जिले के सभी अंचल से कुल 397 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें 293 आवेदक को निष्पादित कर दिया गया है। जिसमें सर्वाधिक अतिक्रमण दाउदनगर अंचल में 47 एवं सबसे कम औरंगाबाद अंचल में 0 पाया गया।आधार सीडिंग के मामले में जिले में अभी तक कुल 72% रैयतों का आधार सीडिंग कार्य पूर्ण किया जा चुका है।इसके अलावा सभी अंचल अधिकारियों को प्रत्येक शनिवार को भूमि विवाद से संबंधित बैठक को गंभीरता से आयोजित करने का निर्देश दिया गया एवं मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

## गया में कड़ाके की ठंड से निबटने के लिए प्रशासन सक्रिय, कंबल वितरण और अलाव जलाने के दिये निर्देश

**गया/सं।**कड़ाके की ठंड और गिरते तापमान के बीच गया जिला प्रशासन ने राहत कार्यों को तेज कर दिया है। जिला पदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम ने आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी एडवाइजरी का पालन सुनिश्चित करने की अपील की है। डीएम ने जिले के आम लोगों से कहा है कि बिना आवश्यकता घर से बाहर न निकलें, खासकर बुजुर्ग और बच्चों को सुरक्षित रखने की सलाह दी गई है। उन्होंने गर्म कपड़ों का इस्तेमाल करने, पौष्टिक आहार लेने और जलते हुए लालटेन या अंगीठी का प्रयोग करते समय सावधानी बरतने का निर्देश दिया है।डीएम ने सभी



अनुमंडल पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारियों और नगर निकाय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जरूरतमंदों को कंबल वितरित करें और प्रमुख चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित करें। अब तक जिले में हजार से अधिक असहाय लोगों के बीच कंबल बांटे जा चुके हैं। वहीं, अलाव की व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं।डीएम ने जिले के सभी सरकारी और निजी विद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, प्री-स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्रों के समय में बदलाव का आदेश जारी किया है। तीन जनवरी से आठ जनवरी तक पठन-पाठन सुबह 9रू30 बजे से शुरू होकर शाम 4 बजे से पहले समाप्त होगा।

## युवाओं की बैठक आयोजित

**गया।गया/सं।**जिला कांग्रेस महासचिव कुमार ओंकार शक्ति के द्वारा युवाओं का एक बैठक आयोजित किया गया इस बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि गया विधानसभा क्षेत्र में विगत 40 वर्षो से भाजपा के विधायक है इसके बावजूद गया शहर विकास से वंचित है इसलिए 5 जनवरी से भाई ओंकार के नेतृत्व में गया विधानसभा में परिवर्तन यात्रा निकाला जाएगा।यह मार्च वार्ड नंबर एक से शुरू किया जाएगा और गया शहर विधानसभा में आने वाले सभी वार्डो में मार्च निकाला जाएगा साथ में हर बूथ पर 20 लोगों को कांग्रेस पार्टी का सक्रिय सदस्य बनाया जाएगा, इस मार्च का नेतृत्व कांग्रेस महासचिव कुमार ओंकार शक्ति करेंगे यह मार्च 05 जनवरी शुरू होकर 14 जनवरी को समाप्त किया जाएगा ।

## सावित्री बाई फुले की मनायी गयी 194वीं जयंती

**फतेहपुर।गया/सं।**यूरेका इंटरनेशनल स्कूल में शुक्रवार को राष्ट्रमाता सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती पूरे उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई,इसके बाद सावित्रीबाई फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहीं वरिष्ठ शिक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया की सावित्रीबाई फुले का जीवन हमें समानता और शिक्षा का महत्व सिखाता है। बच्चों को चाहिए कि वे इन महान विभूतियों के विचारों को आत्मसात करें और देश के आदर्श नागरिक बनें।विशिष्ट अतिथि समाजसेवी शशिकांत कुमार ने बेटियों की शिक्षा पर जोर देते हुए कहा, सावित्रीबाई फुले ने न सिर्फ महिलाओं की शिक्षा का बीड़ा उठाया, बल्कि समाज में फैली कुरीतियों जैसे बाल विवाह और सती प्रथा के खिलाफ भी आवाज बुलंद की। उनका संघर्ष आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है। वहीं कई शिक्षक एवं शिक्षिकाएं भी अपने विचार को बच्चों के सामने रखा।

### शपथ पत्र

मैं, नविला शर्मिन (NAVILA SHARMIN) पति. मोहम्मद शमशाद (MOHAMMAD SHAMSHAD) ग्राम शाहपुर, पोस्ट मिजार्पुर बन्द्वार,थाना मुफसिल, वार्ड नंबर 06, सबडिवीजन व जिला बेगूसराय, बिहार, पिनकोड नंबर 851129 शपथ पूर्वक ब्यान करती हूं कि मेरा नाम आधार कार्ड में नविला शर्मिन (NAVILA SHARMIN) पति का नाम मोहम्मद (MOHAMMAD SHAMSHAD) दर्ज है। जो सही एवं सत्य है। मेरा आधार नंबर. 5877 2212 7303 है। मेरे पासपोर्ट संख्या M3930664 में मेरे पति का नाम मो. शमशाद (MD. SHAMSAD) दर्ज है। जो गलत है। मैं अपने पासपोर्ट में अपने पति का नाम मोहम्मद शमशाद (MOHAMMAD SHAMSHAD) कराने हेतु शपथपत्र बनवाई हूं। शपथपत्र संख्या 54 दिनांक 03/01/2025

## घर से पटना के लिए निकला युवक हुआ लापता, मामला दर्ज

**वजीरगंज।गया/सं।**प्रखंड के बलियारी गांव निवासी मो सहुद खान ने अपने 20 वर्षीय पुत्र मो फिरदोस खान की लापता की सुचना देते हुए वजीरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।लापता युवक के पिता ने बताया कि पटना में मेरा बैंड बाजा का कारोबार है मै पटना में ही कमरा लेकर अपना कारोबार चलाता हूँ एवं मेरा बेटा फिरदोस भी यही रहकर बीसीए कर रहा था, लेकिन उसका पढ़ाई पर ध्यान कम और मोबाइल से पब जी गेम खेलने पर ज्यादा था, जिसके कारण हम उसे पढ़ाई पर ध्यान देने के लिए कहते थे लेकिन वह हमेशा पब जी गेम के द्वारा कई दोस्त बना लिया था एवं हमेशा ऑनलाइन गेम में व्यस्त रहता था।18दिसंबर को वह अपने घर बलियारी से सुबह सात बजे पटना जाने के निकला था लेकिन जब 12बजे फोन किया गया तो बताया कि जहानाबाद से आने ट्रेन निकली है उसके बाद फोन स्विच ऑफ कर दिया।फिर शाम छः बजे अपनी मम्मी के मोबाईल पर मैसेज दिया कि वह दिल्ली जा रहा है कैरियर बनाने।उसके बाद 21दिसंबर को मैसेज दिया कि हम दिल्ली पहुँच गए है काम मिल गया है चिंता नहीं करेंगे।

## मशाल प्रदर्शन कर कांग्रेस पार्टी ने 70 वीं बीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा दोबारा आयोजित कराने के लिए बुलंद की आवाज

**गया/सं।**गया के स्थानीय टावर चौक पर कॉग्रेस पार्टी के नेताओं, कार्यकताओं ने अपने, अपने हाथों में मशाल जला कर सूबे के पांच लाख से ज्यादा 70 वीं बीपीएससी अभ्यर्थियों के जायज मांगों का समर्थन करते हुए 13 दिसंबर को आयोजित हुए प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कर पुनः परीक्षा आयोजित करने हेतु आवाज बुलंद कर राज्य सरकार से मांग दोहराई।मशाल प्रदर्शन में शामिल बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह,रणजीत कुमार सिंह,शिव कुमार चौरसिया, टिंकू गिरी, दामोदर गोस्वामी, प्रद्युम्न दुबे, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, अमित कुमार सिंह उर्फ रिंकू सिंह, टिंकू गिरी, श्रीकांत शर्मा, लाडला अंसारी, शशि कांत सिन्हा राम प्रवेश सिंह, विजय सिंह अधिवक्ता आदि ने कहा कि मोदी - नीतीश की डबल इंजन की सरकार सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं में पेपर लीक, भ्रष्टाचार, धांधली का पर्याय बन गया है, जिसके खिलाफ छात्रों द्वारा आवाज उठाने पर उन पर डबल अत्याचार कर उनकी आवाज को दबाना चाहती है।नेताओ ने कहा कि नीतीश सरकार विगत 20 दिनों में दो बार लाठीचार्ज तथा इस कड़ाके की ठंढ में अमानवीय व्यवहार करते हुए प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर रात्री में पानी का बौछार कर बिहार को शर्मशार करने का काम कर रही है।नेताओ ने कहा इस अमानवीय व्यवहार एवं लाठीचार्ज के खिलाफ कॉग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे, देश के सजग, साहसी, संघर्षशील, लोकप्रिय, जनप्रिय लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, राष्ट्रीय महासचिव सांसद प्रियांका गाँधी,बिहार प्रदेश कॉग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने तीव्र भर्त्सना करते हुए छात्रों के हित में अविलंब बी पी एस सी प्रारंभिक परीक्षा को रद्द कर पुनः परीक्षा आयोजित करने की मांग सरकार से किए हैं।नेताओ ने कहा कि बी पी एस सी पूरी परीक्षा को रद्द करने के बजाय केवल वापु परीक्षा केंद्र पटना के 11 हजार छात्रों का कल यानी 04 जनवरी 2025 को दोबारा परीक्षा ले रही है, जो न्याय पूर्ण नहीं है। 4 लाख 80 हजार छात्रों का अलग प्रश्न पत्र तो 11 हजार बापू परीक्षा केंद्र वाले छात्रों का अलग प्रश्न पत्र यानी दिनों का कट ऑफ अलग,अलग,प्रश्न अलग अलग।नेताओ ने कहा कि कॉग्रेस पार्टी का बी पी एस सी अभ्यर्थियों को न्याय दिलाने हेतू सड़क से संसद तक आंदोलन जारी रहेगा।

## सावित्री बाई फुले आधुनिक भारत की निर्माता थीं : पथिक

**वजीरगंज।गया/सं।**भारत की पहली महिला शिक्षिका राष्ट्रमाता सावित्री बाई फुले आधुनिक भारत की निमार्ता थीं। उनकी वजह से ही महिलाएं आज पढ़ लिखकर अपने जीवन को संवार सकीं हैं। उक्त बातें प्रखंड के शिक्षक कॉलोनी स्थित गौरी मेमोरियल आईटीआई में आयोजित सावित्री बाई फुले की जयंती समारोह में अपने अध्यक्षीय भाषण में अर्जक संघ के वरिष्ठ नेता उपेंद्र पथिक ने कही।समारोह की शुरूआत माता सावित्री बाई फुले की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर की गई।पथिक ने कहा कि 19 वीं सदी में जब महिलाओं के साथ साथ पिछड़े, दलितों के साथ अत्याचार, शोषण होता था , पढ़ने लिखने और संपत्ति रखने का अधिकार नहीं था और पशुवत जिंदगी जीने को विवश थे तब ज्योतिबा फुले और उनकी पत्नी सावित्री बाई फुले ने स्कूल खोला, विधवा विवाह,सती प्रथा, बाल विवाह जाति प्रथा,छुआछूत पर रोक लगाने के लिए बड़ा आंदोलन किया। साथ ही सामाजिक सांस्कृतिक और धार्मिक रूढ़ियों को मिटाने के लिए आंदोलन किया। जिसके कारण उन्हें समाज के द्वारा काफी परेशान किया गया।

## सीयूएसबी के रसायन विभाग को दी गयी 2.72 करोड़ की राशि

**गया/सं।**दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के बड़ा तोहफा लेकर आया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अवसंरचना सुधार निधि योजना के तहत सीयूएसबी के रसायन विज्ञान विभाग को ?2.72 करोड़ प्रदान किए हैं। गौरतलब है कि यह भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से सीयूएसबी के किसी भी विभाग को दिया गया अब तक का सबसे बड़ा अवसंरचना अनुदान है। सीयूएसबी के कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के साथ कुलसचिव प्रो. नरेंद्र कुमार राणा और




पूरे विश्वविद्यालय परिवार ने रसायन विज्ञान विभाग को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी है। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह ने इतना बड़ा शोध अनुदान प्राप्त करने के लिए विभाग के सभी संकाय सदस्यों के प्रयासों की सराहना की और कहा कि विश्वविद्यालय में उत्कृष्ट शोध सुविधा स्थापित करना एक बड़ी उपलब्धि होगी।

## किडनैप कर भाग रहे युवक की जमकर की पिटाई

**गया/सं।** कोतवाली थाना क्षेत्र के स्वराज पुरी रोड स्थित दुल्हिन गली में 8 वर्षीय बच्ची को किडनैप कर भागते एक युवक को रंगे हाथ स्थानीय लोगों ने पड़कर जमकर पिटाई कर दिया। युवक को लात-घूसों से जमकर पिटाई की गई और उसके बाद पुलिस को बुलाकर सौंप दिया गया। दुल्हिन गंज के रहने वाला अमर ठाकुर के 8 वर्षीय बच्ची घर के बाहर दुकान से सामान लेने के लिए गई थी, इसी दौरान एक युवक मोहम्मद इरशाद खान उसे जबरदस्ती उठाकर ले जाने लगा। जिसे दूध बेचने वाली एक महिला ने देखा लिया और हल्ला करने लगी, तब इसके बाद स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई और युवक को पकड़कर जमकर पिटाई की गई। उसके बाद इसकी सूचना डायल 112 के टीम को दी गई। जिसके बाद मौके पर डायल 112 पहुंचकर आरोपी युवक को कब्जे में लेकर कोतवाली थाना को सौंप दिया गया। आरोपी युवक मोहम्मद इरशाद खान के साथ में एक और भी युवक था जो मौके से भाग निकला। कोतवाली थाना की पुलिस आरोपी युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है और इस गैंग से जुड़े लोगों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

### पूर्व मध्य रेल
#### शुद्धि–पत्र

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई.निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई.निविदा सं – पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईपीसी–03–24–25, कार्य का नाम –** ईपीसी मोड पर पूर्व मध्य रेलवे के लिए सभी सिविल, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, एसएंडटी और टेलीकॉम कार्यों सहित पाटलिपुत्र/पटना (बिहार) में वंदे भारत कोचिंग कॉम्प्लेक्स के लिए रखरखाव सुविधाओं का निर्माण और कमीशनिंग।

उपरोक्त निविदा के संबंध में निम्नलिखित शुद्धिपत्र जारी किया गया है।

**प्री–बीड कॉन्फ्रेंस के लिए तिथि एवं समय – 21.01.2025 at 12.15 hrs.**


**निविदा बंद होने की तिथि एवं समय – 11.03.2025 at 12.15 hrs.**

ऐसी ई–निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : **http//www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र सिर्फ IREPS वेबसाइट पर ही उपलब्ध किये जाएंगे।

**मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, महेन्द्रूघाट, पटना**
**पीआर/1838/सीओएनएस/ईएनजीजी/सी/24–25/36**

## गया कॉलेज के शिक्षा विभाग एवं सृष्टि स्वाभिमान महिला ट्रस्ट के बीच हुआ एमओयू

**गया/सं।** गया कॉलेज के प्राचार्य डॉ सतीश सिंह चंद्र के दिशा निर्देश पर गया कॉलेज के शिक्षा शास्त्र विभाग में आज सृष्टि स्वाभिमान महिला ट्रस्ट के साथ एमओयू हस्ताक्षरित किया है।शिक्षा शास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ धनंजय धीरज ने बताया कि सृष्टि स्वाभिमान महिला ट्रस्ट के साथ साझा करार के उपरांत महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में संयुक्त तत्वावधान में आगे कई प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा साथ ही साथ महिला सृष्टि स्वाभिमान ट्रस्ट के द्वारा शिक्षा शास्त्र विभाग की उन तीन छात्राओं को जिनकी उपस्थिति कक्षा में सर्वाधिक है उन्हें मासिक छात्रवृत्ति भी प्रदान की जाएगी।शिक्षा शास्त्र विभाग में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए यह छात्रवृत्ति अभिप्रेरणा का कार्य करेगी तथा कक्षा में अच्छी उपस्थिति सुनिश्चित करने में यह नवाचारी प्रयोग मील का पत्थर साबित होगा डॉ धीरज ने बताया कि भविष्य में भी और कई ऐसी योजनाएं हैं।जिनको



दोनों संस्थाओं के संयुक्त तत्वावधान में क्रियान्वित किया जाएगा।जिसमें प्रमुख रूप से मालिन बस्तियों में रहने वाली महिलाओं के लिए स्वस्थ और शिक्षा संबंधी जागरूकता अभियान शामिल है। विभाग की छात्राओं द्वारा मलीन बस्तियों में रहने वाली ऐसी बच्चियां जो विद्यालय जाने से वंचित है उन्हें विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करने में सहायता प्रदान करेंगी और शिक्षा की मुख्य धारा से उन्हें जोड़ेगी।

**जना स्मॉल फाइनैंस बैंक** (एक अधिसूचित वाणिज्यिक बैंक) | पंजीकृत कार्यालय: द फेयरवे, ग्राउंड और फर्स्ट फ्लोर, सर्वे नं.10/1, 11/2 और 12/2बी, डोम्लुर के पास, कोरमंगला इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के बगल में, चैलाघट्टा, बेंगलुरु-560071. शाखा कार्यालय: प्रथम तल, हरिहर चैंबर, बोरिंग रोड, पटना, बिहार.

### ई-नीलामी सूचना

**प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय आस्तियों के पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम (सरफेसी अधिनियम) 2002 के अंतर्गत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के प्रावधान नियम 8(6) एवं 9 के साथ पढ़ें।**

**जना स्मॉल फाइनेंस बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने SARFAESI अधिनियम की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित **संपत्ति का कब्ज़ा** ले लिया है। विशेष रूप से कर्जदार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक के बकाया की वसूली के लिए नीचे उल्लिखित खाते में बंधक संपत्ति की **ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) "जहां है जैसा है"** और **"जो है जैसा है जैसा है"** के आधार पर नीचे निर्धारित तिथि पर आयोजित की जाएगी।

| क्र. नं. | ऋण खाता संख्या | असली कर्जदार/ सह कर्जदार/ गारंटर का नाम | 13-2 सूचना की तारीख | कब्जा की तारीख | बर्तमान बकेया राशि 20.11.2024 तक | संपत्ति के निरीक्षण की तिथि और समय | आरक्षित मूल्य भारतीय रुपये में | बयाना राशि जमा (ईएमडी) भारतीय रुपये में | ई-नीलामी की तारीख और समय | बोली जमा करने की अंतिम तिथि, समय और स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 45079440000031 | 1) कंचन कुमारी, 2) प्रभात कुमार रंजन, 3) मधु देवी | 08.10.2021 | 19.10.2024 | रु.20,27,172.40 (रुपये बीस लाख सत्ताईस हजार एक सौ बहत्तर और चालीस पैसे मात्र) | 23.01.2025 प्रात: 09.30 से शाम 05.00 बजे | रु.15,35,250/- (पंद्रह लाख पैंतीस हजार दो सौ पचास रुपए मात्र) | रु.1,53,550/- (एक लाख तिरपन हजार पांच सौ पचास रुपये मात्र) | 06.02.2025 समय प्रात:11.30 बजे | 05.02.25, शाम 05.00 बजे तक जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, शाखा कार्यालय : प्रथम तल, हरिहर चेम्बर, बोरिंग रोड, पटना- बिहार |

सुरक्षित संपत्तियों का विवरण: अचल संपत्ति के सभी टुकड़े और पार्सल क्षेत्र -10, धूर 15:34 धुरकीस, थाना नंबर 93, तौजी नंबर 2887, कथा नंबर 373 और 412, प्लॉट / खेसरा नंबर 1305 और 1304 , जमाबंदी संख्या 41 स्थित मौजा शेरपुर, पी.एस. मनेर, आंचल मनेर, पी.ओ शेरपुर, एसआरओ दानापुर, आरओ बांकीपुर, पटना, जिला पटना

संपत्तियां **"जहां है, जैसी है"** और **"जो है, जैसी है, जैसी है"** के आधार पर आयोजित की जा रही हैं और ई-नीलामी **'ऑन लाइन'** आयोजित की जाएगी। नीलामी बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता **मेसर्स 4 क्लोजर** के माध्यम से वेब पोर्टल **https://bankauctions.in और www.foreclosureindia.com** पर आयोजित की जाएगी। अधिक जानकारी और ई-नीलामी पर विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता **मेसर्स 4 क्लोजर** से संपर्क कर सकते हैं; **श्री बापी प्रधान से संपर्क करें संपर्क नंबर: 814200030. ईमेल आईडी: info@bankauctions.in/ pradhan@bankauctions.in.**
ई-नीलामी कार्यवाही में भाग लेने के लिए नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए और संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए कृपया **जना स्मॉल फाइनेंस बैंक के अधिकृत अधिकारियों श्री आशुतोष गौतम (मोबाइल नंबर 7992486673), श्री रंजन नाइक (मोबाइल नंबर 6362951653)** से संपर्क करें। अधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई भार नहीं है। हालाँकि इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले भार, संपत्ति के शीर्षक के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए। कोई सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जाएगी। यह ऊपर बताए गए कर्जदारों/गारंटर/बंधककर्ताओं को गिरवी रखी गई संपत्तियों के लिए निर्धारित ई-नीलामी के बारे में एक सूचना भी है। कर्जदार/गारंटर/बंधककर्ता को सूचित किया जाता है कि वे नीलामी की तिथि से पहले उपर्युक्त राशि, वर्तमान ब्याज और सहायक व्ययों के साथ अदा करें, अन्यथा संपत्ति बेच दी जाएगी और यदि कोई बकाया राशि होगी तो उसे ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा।

**दिनांक: 04.01.2025, स्थान: पटना** — **हस्ता/-प्राधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के लिए**